# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष 0151 -2970177 ई-मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in

प.07(170)मगंसिविवी./प्रबन्ध बोर्ड-37/2022/2196 – 2212 दिनांक : 5.5.22

1. प्रो. विनोद कुमार सिंह,माननीय अध्यक्ष- प्रबन्ध बोर्ड,महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,बीकानेर।
2. श्रीमती कृष्ण पूनिया, माननीय विधायक, 297, कृष्णा निवास, वार्ड न. 14, राजगढ जिला-चूरू।
3. श्री जगदीश चन्द्र, माननीय विधायक-सादुलशहर, वार्ड न. 3, रेलवे क्रॉसिंग के पास,सादुलशहर।
4. प्रमुख शासन सचिव, वित्त, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
6. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर।
7. संभागीय आयुक्त, बीकानेर।
8. श्री वरूण यादव, A-256, Paramount Golf Foreste Villa, Sector Zeta 2, UPSIDC Site C, Greater Noida (U.P.) 201306
9. प्रो. कृपा शंकर तिवाड़ी, 12, सौम्या इन्क्लेव एक्सटेन्शन,कोलार रोड़, चूना भट्टी, भोपाल।
10. डॉ. विनोद चन्द्रा, 204, लेण्डमार्क अपार्टमेन्ट, न्यू हैदरावाद, लखनऊ।
11. श्री एन.एस. बिस्सा, फ्लेट न. 12, ग्राउण्ड फ्लोर, जगदीश विहार-द्वितीय, प्रेम नगर, जगतपुरा, जयपुर (राज.)
12. प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, संकायाध्यक्ष कला, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
13. डॉ. जी.पी. सिंह, प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर।
14. प्रो.अनिल कुमार छंगाणी,विभागाध्यक्ष पर्यावरण विज्ञान,महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
15. प्रो. राजाराम चोयल, आचार्य, पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
16. डॉ. राकेश हर्ष, प्रतिनिधि, शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राज. सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
17. डॉ. अनन्त जोशी, प्राचार्य, बी.जे.एस.आर. जैन विधि महाविद्यालय, बीकानेर।

**विषय :- प्रबन्ध बोर्ड की 37 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण भिजवाने बाबत।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि दिनांक 04-05-2022 को आयोजित प्रबन्ध बोर्ड की 37 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर भिजवाया जा रहा है। कृपया उक्त कार्यवाही विवरण में माननीय सदस्य को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित रूप से अवगत कराने की कृपा करें।

संलग्नः कार्यवाही विवरण।

भवदीय,

(यशपाल आहुजा)
सदस्य सचिव

mycomp/E/Sl/docx

Scanned with CamScanner

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष: 0151-2970177 ई-मेल: registrar@mgsubikaner.ac.in

प.07( )मगंसिविबी/प्रबन्ध बोर्ड-37/2022/ दिनांक

## प्रबन्ध बोर्ड की 37 वीं बैठक
## कार्यवृत्त (Minutes)

प्रबन्ध बोर्ड की 37वीं बैठक दिनांक 04 मई, 2022 को प्रातः 11:00 बजे प्रबन्ध बोर्ड सभागार, महर्षि शौनक भवन (कुलपति सचिवालय) में माननीय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो. विनोद कुमार सिंह**<br>महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर | अध्यक्ष |
| 2 | **श्री जगदीश चन्द्र**<br>माननीय विधायक-सादुलशहर | सदस्य |
| 3 | **डॉ. राकेश हर्ष, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा**<br>नामित, शासन सचिव, उच्च शिक्षा राज. सरकार, जयपुर | सदस्य |
| 4 | **डॉ. वरूण यादव**<br>माननीय कुलाधिपति द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य<br>(ऑनलाइन माध्यम से) |
| 5 | **प्रो. कृपाशंकर तिवाडी**<br>माननीय कुलाधिपति द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य<br>(ऑनलाइन माध्यम से) |
| 6 | **डॉ. विनोद चन्द्रा**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य |
| 7 | **डॉ. अनन्त जोशी**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत प्राचार्य, निजी महाविद्यालय | सदस्य |
| 8 | **डॉ. जी.पी. सिंह**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत संकायाध्यक्ष | सदस्य |
| 9 | **प्रो. अनिल कुमार छंगाणी**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य |
| 10 | **प्रो. राजाराम चोयल**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य |
| 11 | **श्री यशपाल आहुजा, कुलसचिव** | सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा प्रबन्ध बोर्ड की 37 वीं बैठक में उपस्थित एवं ऑनलाइन माध्यम से जुडे सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। विशेषकर विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड में पुनः मनोनीत होने पर राजस्थान खेल परिषद् की माननीया अध्यक्ष एवं विधायक-सादुलपुर श्रीमती कृष्णा पूनिया जी एवं माननीय विधायक-सादुलशहर श्री जगदीश चन्द्र जी को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनका स्वागत किया गया। साथ ही शासन सचिव के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा डॉ. राकेश हर्ष जी का भी स्वागत किया गया।

Scanned with CamScanner

तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रबन्ध बोर्ड की 36वीं बैठक दिनांक 05 जनवरी, 2022 के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रबन्ध बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

| मद संख्या | विवरण | अनुभाग/ विभाग |
|---|---|---|
| 474 | दिनांक 05-01-2022 को सम्पन्न हुई प्रबन्ध बोर्ड की 36वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि का प्रस्ताव।<br>**परिशिष्ट-1** (पृष्ठ संख्या : 1-8) | |
| **निर्णय** | **पुष्टि की गई।** | **शैक्षणिक** |
| 475 | दिनांक 05-01-2022 को आयोजित प्रबन्ध बोर्ड की 36वीं बैठक के कार्यवृत पर बिन्दुवार की गई कार्यवाही की अनुपालना रिपोर्ट (ATR) के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**परिशिष्ट-2** (पृष्ठ संख्या : 9-61 ) | |
| **निर्णय** | **प्रबन्ध बोर्ड द्वारा 36 वीं बैठक दिनांक 05-01-2022 की पालना रिपोर्ट का अनुमोदन करते हुए निम्नानुसार कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये :-**<br>**(1) 07 जून, 2022 को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में नव-निर्मित ऑडिटोरियम, इण्डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के लोकार्पण एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति के अनवारण हेतु माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान श्री अशोक गहलोत जी से निवेदन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही माननीय कुलपति महोदय ने सुझाव दिया कि ऑडिटोरियम का नामकरण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नाम से एवं इण्डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का नामकरण स्पोर्ट्स मैन मिल्खा सिंह के नाम से किया जा सकता है।**<br>**(2) श्री राजीव गांधी साइकिल वैलोड्रम का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के लिए कार्यकारी एजेन्सी को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।**<br>**(3) नैक निरीक्षण में विश्वविद्यालय को प्राप्त 'सी' ग्रेड के संबन्ध में विश्वविद्यालय स्तर पर रही कमियों की जांच एवं विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट एवं अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुमोदन हेतु शीघ्रातिशीघ्र प्रबन्ध बोर्ड की विशेष बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।**<br>**(4) विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों के रोस्टर निर्धारण बाबत प्रस्तुत प्रस्ताव की जांच हेतु निम्नानुसार समिति गठित करने का निर्णय लिया गया :-**<br>**1. प्रो. राजाराम चोयल, सदस्य प्रबन्ध बोर्ड**<br>**2. डॉ. जी.पी. सिंह, सदस्य प्रबन्ध बोर्ड**<br>**3. डॉ. राकेश हर्ष, प्रतिनिधि, श्रीमान् सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान** | |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | **सरकार ।**<br>**साथ ही कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार से रोस्टर के संदर्भ में अद्यतन परिपत्र मंगवाने का सुझाव भी दिया गया।**<br>**(5) विश्वविद्यालय में ऑनलाइन कार्यालय पद्धति हेतु यू.एम.एस. के प्रस्ताव को निरस्त करते हुए राजस्थान सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को स्मरण पत्र प्रेषित करने एवं ऑनलाइन कार्यालय पद्धति हेतु केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय से सम्पर्क करने का निर्णय लिया गया।** | |
| 476 | विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22 के अनुमोदन का प्रस्ताव ।<br>**परिशिष्ट-3** (पृष्ठ संख्या :62-91) | |
| **निर्णय** | **विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22 का अनुमोदन किया गया।** | |
| 477 | विश्वविद्यालय विज्ञापन संख्या 01/2017 को निरस्त करने के अनुमोदन का प्रस्ताव<br>**परिशिष्ट-4** (पृष्ठ संख्या :92-101) | |
| **निर्णय** | **विज्ञापन संख्या 01/2017 को निरस्त करने का अनुमोदन किया गया।** | |
| 478 | प्रतिवेदित है कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में सेन्टर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय से इस सीमान्त क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से उक्त सेन्टर स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित इनोवेशन सेन्टर का भूतल दिये जाने की स्वीकृति पत्रांक 106 दिनांक 11-03-2022 के द्वारा प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन की प्रत्याशा में जारी की गई है जो प्रबन्ध बोर्ड की पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।<br>**परिशिष्ट-5** (पृष्ठ संख्या : 102) | |
| **निर्णय** | **विश्वविद्यालय के उपयोग हेतु इनोवेशन सेन्टर में दो कक्ष को छोड़ते हुए शेष भवन राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली को दिये जाने की पुष्टि की गई। साथ ही उनके साथ सम्पादित होने वाले एम.ओ.यू. में विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्राथमिकता प्रदान का उल्लेख करने का प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सुझाव दिया गया।** | |
| 479 | प्रतिवेदित है कि वित्त विभाग (नियम अनुभाग), राजस्थान सरकार द्वारा परिपत्र दिनांक 24-03-2022 के द्वारा 01-01-2004 एवं उसके पश्चात नियुक्त कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के निर्णय के दृष्टिगत राजकीय उपक्रमों/स्वायत्तशाषी निकायों में नियुक्त कार्मिकों की नवीन पेंशन अंशदायी पेंशन हेतु वेतन से होने वाली मासिक कटौती 01 अप्रेल, | |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | 2022 को भुगतान योग्य वेतन (मार्च देय अप्रेल) से नहीं की जानी है। उक्त परिपत्र की पालना में विश्वविद्यालय में दिनांक 01-01-2004 के पश्चात नियुक्त कार्मिकों के नवीन अंशदायी पेंशन हेतु होने वाली 10 प्रतिशत मासिक कटौती समाप्त करते हेतु आदेश क्रमांक प.05 ( )लेखा/मगंसिविवी/2022/29216-21 दिनांक 30-03-2022 प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन की प्रत्याशा में जारी किया गया जो प्रबन्ध बोर्ड की पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।<br>**परिशिष्ट-6** (पृष्ठ संख्या : 103 ) | |
| **निर्णय** | **प्रबन्ध बोर्ड द्वारा प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए सर्वसम्मति से प्रबन्ध बोर्ड द्वारा श्रीमान् अशोक गहलोत जी माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान के मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन देने के अभूतपूर्व निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त किया।** | |
| 480 | राजस्थान सरकार की विद्या संबल योजना के प्रावधानुसार विश्वविद्यालय में संचालित विभागों में राजस्थान सरकार से शैक्षणिक संवर्ग के लिए स्वीकृत रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लेने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।<br>**परिशिष्ट-7** (पृष्ठ संख्या : 104-109) | |
| **निर्णय** | **प्रबन्ध बोर्ड द्वारा राजस्थान सरकार के नियमानुसार विश्वविद्यालय में विद्या सम्बल योजना के तहत समस्त प्रक्रिया की पूर्ण पालना सुनिश्चित करते हुए विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक पदों के विरूद्ध नियमानुसार अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लेने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।** | |
| 481 | **माननीय सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त अधिवक्ताओं के विधिक पारिश्रमिक के निर्धारण के संबंध में समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा के अनुमोदन का प्रस्ताव।** | |
| **निर्णय** | **समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा का प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।** | |

**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से :**

(1)विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के समस्त शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालयों में बॉयोमैट्रिक प्रणाली से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करवाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(2) विश्वविद्यालय में गठित संवीक्षा समिति में विश्वविद्यालय कार्मिकों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(यशपाल आहुजा)
सदस्य सचिव

Scanned with CamScanner